तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व आवेदन संख्या 596/2018 अनवान ठाकराराम बनाम टीकमाराम	नम्बर व तारीखअह जो इस हु तामील मे हुए
23.08.2022	पत्रावली पेष हुई। उभय पक्षकार उपस्थित। उभय पक्षों को सुना गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि प्रार्थी द्वारा ग्राम प्रेमसागर (रावतसर) के खसरा संख्या 412 रकबा 52.12 बीघा किस्म बा.सो. से डामर सड़क तक रास्ते की मांग की है। प्रार्थी द्वारा राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 251 ए की उपधारा 1 के अन्तर्गत यह आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकन तथा तहसीलदार बाडमेर की मौका रिपोर्ट से ज्ञात होता है कि प्रार्थी द्वारा गैर मुमकीन नाडी की भूमि में से रास्ते की मांग की गई है, जबकि राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 251 ए की उपधारा 1 के अन्तर्गत कृषि जोतों में से रास्ता दिये जाने के सम्बन्ध में प्रावधान किये गये है। उक्त प्रावधान गैर मुमकीन नाडी की भूमि पर लागू नही होते है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र विधि विरूद्ध होने से खारिज योग्य है। उपर्युक्त विवेचनोपरान्त प्रार्थी का प्रार्थना पत्र विधि विरूद्ध होने से खारिज किया जाता है। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो। आदेश सरे इजलास सुनाया गया। उप खण्ड अधिकारी बाड़मेर	